<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

30 **सितंबर** 2023

पीएफसी कंसल्टिंग ने दो ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट एसपीवी को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित किया

महारत्न सीपीएसई, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी 'पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड' ने दो ट्रांसमिशन परियोजनाओं के विशिष्ट विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) अर्थात् 'अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड' और 'भाडला III ट्रांसमिशन लिमिटेड' को सफल बोलीदाता पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' को हस्तांतरित कर दिया है। ।

एसपीवी को पीएफसीसीएल के सीईओ श्री मनोज राणा, पीजीसीआईएल के कार्यपालक निदेशक (टीबीसीबी) श्री पंकज पांडे और पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानांतरित किया गया।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दिशानिर्देशों के अनुरूप ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थापना के लिए ट्रांसमिशन सेवा प्रदाता के चयन के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के माध्यम से सफल बोलीदाता का चयन किया गया था।

परियोजना विवरण:

एसपीवी 'अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड' को अनंतपुरम (अनंतपुर) (2500 मेगावाट) और कुरनूल (1000 मेगावाट), आंध्र प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थापना के लिए शामिल किया गया था। कार्य के दायरे में अनंतपुरम में पूलिंग स्टेशन की स्थापना और अन्य संबंधित तत्व शामिल हैं।

एसपीवी 'भड़ला III ट्रांसमिशन लिमिटेड' को चरण-III भाग बी1 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20 गीगावॉट) से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थापना के लिए शामिल किया गया था। कार्य के दायरे में भडला में पूलिंग स्टेशन की स्थापना और अन्य संबंधित तत्व शामिल हैं।

हस्ता/

(एस. एस. राव)

मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)